**29/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में आज उज्बेकिस्तान पहुंचे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जि-योयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल कनेक्टिविटी, रक्षा, ऊर्जा तथा विकसित भारत और यांगी उज्बेकिस्तान की साझा दृष्टि के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में स्थित शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, किर्गिज गणराज्य के राष्ट्रपति सदिर झापारोव के निमंत्रण पर बिश्केक में आयोजित छब्बीसवें शंघाई सहयोग संगठन-SCO शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

0000000000000000000000000

नेपाल और तिब्बत में आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या आज बढ़कर छह सौ छब्बीस हो गई है। वहीं, दो हजार से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। नेपाल के अधिकारियों ने दक्षिणी चितवन जिले में भोते कोशी नदी से बरामद दो सौ उनतीस अज्ञात और लावारिस शवों को दफनाने का फैसला किया है।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने विनाशकारी बाढ़ के बाद चिंता व्यक्त करने और भारत सरकार द्वारा दिए गए सहयोग के लिए अपनी भारतीय समकक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रति आभार व्यक्त किया। इस बाढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है और बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। श्री पौडेल ने बुधवार को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद भारतीय नागरिकों की हुई दुखद मौतों पर भी शोक व्यक्त किया।

000000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के ज़रिए देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण समूचे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, AIR न्यूज़ वेबसाइट और Newsonair मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा।

000000000000000000000000000

हॉकी अरुणाचल द्वारा आज चिम्पू स्थित सांगेय लादेन हॉकी ग्राउंड में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की एक सौ इक्कीसवीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मैत्रीपूर्ण हॉकी मैच का आयोजन भी किया गया।

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अरुणाचल प्रदेश में खेलों के प्रति बढ़ता उत्साह हाल के वर्षों में युवा खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों में झलकता है। इसी तरह, तवांग में खेल विभाग ने 'ग्यालवा त्सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स स्टेडियम' में MLA इलेवेन और DC इलेवेन के बीच फुटबॉल मैच और तीरंदाजी प्रतियोगिता के साथ 'राष्ट्रीय खेल दिवस 2026' का आयोजन हुआ। फुटबॉल में MLA इलेवेन ने DC इलेवेन को पांच-दो से पराजित किया।

0000000000000000000000000

शिक्षा विभाग, तवाङ द्वारा आज तवाङ जिले के गवर्नमेंट टाउन सेकेंडरी स्कूल में ज़िला स्तरीय राज्यपाल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, साईन्स सेमिनार और साईन्स एक्ज़ेबिशन का आयोजन किया। कार्यक्रम में करीब पंद्रह माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में KGBV लुमला, GSS जेमिथांग और GSS मुक्तो क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। साईन्स सेमिनार में वीकेवी कितपी, GSS बोंबा और गवर्नमेंट टाउन सेकेंडरी स्कूल, तवाङ शीर्ष तीन स्थानों पर रहे। वहीं, साईन्स एक्ज़ेबिशन के लिए वीकेवी कितपी, GHSS लुमला और KGBV लुमला का चयन किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में तवाङ ज़िले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पापुम पारे, शी-योमी और चाङ्लाङ ज़िले के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

000000000000000000000000000

तवाङ ज़िले में आज मोनपा मिमांग सोगपा MMT, तवाङ जिला प्रशासन और भारतीय सेना द्वारा संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत ग्रिप्तसांग सो, नागुला पास और सर्किट हाउस के ऊपर स्थित विशाल बुद्ध प्रतिमा के आसपास सफाई की गई। अभियान में तीन सौ पचास से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। तवाङ उपायुक्त नामग्याल आङमो ने विभिन्न स्थानों पर सेना और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने अपने-अपने प्रतिष्ठानों और कार्यक्षेत्रों के आसपास साप्ताहिक रखरखाव, साफ-सफाई और स्वच्छता पर जोर दिया।

000000000000000000000000000

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन - नाको के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से पापुम पारे जिले में आज ‘यूथ फॉर HIV एंड SIT’ थीम के तहत ‘रेड रन’ पांच किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जिसका आयोजन रेड रिबन क्लब और गवर्नमेंट कॉलेज दोईमुख की एनएसएस इकाई ने संयुक्त रूप से किया। पुरुष वर्ग में तादार काया और महिला वर्ग में सीता गामा विजेता रहे। तदार काया और सीता गामा अब राज्य स्तर पर अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। AIDS के बारे में जागरूकता को बढावा देने के उद्देश्य से एक सेशन के दौरान, रेड रिबन क्लब की कोऑर्डिनेटर डॉ. ईवा दुपाक ने युवाओं की भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा सही जानकारी फैला कर ग़लत धारणाओं को चुनौती दे सकते हैं और HIV/AIDS संक्रमित लोगों के प्रति ज़्यादा जागरुक और सहानुभूतिपूण नज़रिया अपना सकते हैं। इस बीच, राज्य में HIV पॉज़िटिव मामलों की सबसे ज़्यादा संख्या पापुम पारे में है।

0000000000000000000000000000